आईआईएम में युवा संगम कार्यक्रम शुरू

असम विवि के विद्यार्थी होंगे छत्तीसगढ़ी कल्चर से रूबरू

रायपुर @ पत्रिका. आईआईएम में एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत युवा संगम फेज-5 में हिस्सा लेने आए असम विवि सिलचर के 45 छात्रों और 5 समन्वयकों का स्वागत किया गया। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 26 दिसंबर से 30 दिसंबर तक चलेगा और इसका उद्देश्य पर्यटन, परंपराओं, विकास और प्रौद्योगिकी में साझा अनुभवों के माध्यम से युवाओं के बीच जुड़ाव को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि उत्तर मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) संजीव कुमार ने छात्रों को भारत की विविध धरोहर और संस्कृति को समझने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल से संवाद, राज्य संग्रहालय और राज्यपाल भवन की यात्रा, बुढ़ा तालाब और विवेकानंद सरोवर जैसे प्रमुख स्थलों का भ्रमण भी शामिल है। कार्यक्रम का समापन योग सत्र और फिल्म प्रदर्शन के साथ होगा, जिससे प्रतिनिधियों को छत्तीसगढ़ की पर्यटन, परंपराओं और प्रगति का संपूर्ण अनुभव मिलेगा।

जीवनभर के अनुभव लेकर जाएं: काकानी

आईआईएम के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति में अनुभव करने के लिए बहुत कुछ है। मैं प्रतिनिधियों से आग्रह करता हूं कि वे इस अनुभव का पूरा लाभ उठाएं और अपने साथ यादगार और जीवनभर के अनुभव लेकर जाएं। यात्रा के दौरान प्रतिनिधि सिरपुर पुरातात्विक स्थल, बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य जैसी ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर स्थलों का दौरा करेंगे। वे भिलाई इस्पात संयंत्र में औद्योगिक प्रगति को देखेंगे और पुरखौती मुक्तांगन में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि को समझेंगे।

Patrika, 28th Dec 2024, P.04 (zoom my city)